आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 14.02.2026 समय : 02.10pm

पीएम–चाबुआ एयर बेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के डिब्रूगढ़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने मोरन बाईपास पर आपातकालीन लैंडिंग सुविधा का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने लड़ाकू विमानों, परिवहन विमानों और हेलीकॉप्टरों का हवाई प्रदर्शन भी देखा, जिसमें भारतीय वायु सेना के सुखोई Su-30MKI, राफेल, AN-31, ताजेश और उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों ने भाग लिया। यह आपातकालीन लैंडिंग सुविधा पूर्वोत्तर भारत में अपनी तरह की पहली सुविधा है, जिसे भारतीय वायु सेना के समन्वय से आपात स्थिति में सैन्य और नागरिक विमानों के उतरने और उड़ान भरने में सहायता के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है।

कैबिनेटः अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "कल कैबिनेट में 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपये के फैसले लिए गए, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, अर्बन चैलेंज फंड, स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा– बाईट अश्विनी वैष्णव

मुख्यमंत्रीः लाडली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर बाद खंडवा जिले के पंधाना से प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1 हजार 836 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। योजना में अब तक लाड़ली बहनों को 52,304 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की गई है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 255 करोड़ रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमि–पूजन एवं 354 करोड़ रूपए 11 विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

यूएई–भारत एआई शिखर सम्मेलन

संयुक्त अरब अमीरात–यूएई की राजधानी अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत एआई इम्पैक्ट समिट में यूएई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह सम्मेलन 16 से 20 फरवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होगा। यूएई की भागीदारी का उद्देश्य उन्नत प्रौद्योगिकियों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना और रणनीतिक साझेदारियों को बढ़ावा देना है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सुशासन के लिए वैश्विक फ्रेमवर्क को आकार देने के वास्ते 100 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष, सरकार प्रमुख, नीति निर्माता और विशेषज्ञ एक साथ होंगे।

तबादले

राज्य शासन ने कल देर रात 11 आईएएस अफसरों के तबादले और विभागों में परिवर्तन के आदेश जारी किए। अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल को वन विभाग से लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग दिया गया है। जबकि प्रमुख सचिव संदीप यादव को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा से वन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। संचालक किसान कल्याण तथा कषि विकास अजय गुप्ता को प्रबंध संचालक मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर पदस्थ किया गया है। वहीं सचिव मनीष सिंह को एक बार फिर जनसंपर्क के आयुक्त का दायित्व दिया गया है; आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल को प्रबंध संचालक मप्र राज्य

सहकारी विपणन संघ भोपाल और दीपक कुमार सक्सेना को जनसंपर्क आयुक्त के स्थान पर आबकारी आयुक्त बनाया गया है।

टी–20 विश्व कप

आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में, ग्रुप बी के मैच में आज ओमान ने 07 विकट पर..114. रन बना लिए हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने ओमान के सामने जीत के लिए 236 रन का लक्ष्य रखा है। ग्रुप सी मैच में कोलकाता मे शाम तीन बजे से इग्लैंड और स्कॉटलैंड आमने–सामने होंगे। वहीं ग्रुप डी में अहमदाबाद में शाम सात बजे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला होगा।

मौसम

मध्यप्रदेश में 16 फरवरी के बाद मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के प्रभाव से प्रदेश में बादल छाने की संभावना है। इसके साथ ही हल्की सर्दी देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण कुछ जिलों में हल्के बादल छाए हुए हैं। अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। सिस्टम के गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर बदलाव संभव है। प्रदेश में हल्की सर्दी का एक और दौर देखने को मिल सकता है।

समाचार संक्षेप में.

- शिवपुरी में कल महाशिवरात्रि महोत्सव भक्ति भाव से मनाया जाएगा। जिले में महादेव पर्व का आयोजन दो स्थानों पर किया जाएगा। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के अलावा नरवर में महादेव मंदिर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।
- जिला आयुष विभाग द्वारा नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी और पिपरिया के वृद्धाश्रमों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए हॉलिस्टिक वेलबीइंग शिविर कल आयोजित किए गए।
- गुना जिला प्रशासन और श्रम विभाग की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम सोठी निवासी एक परिवार को बंधक श्रम की स्थिति से मुक्त कराया गया।
- झाबुआ में कलेक्टर के निर्देशन में शासकीय आदर्श महाविद्यालय राणापुर में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को सरल और त्वरित सेवा उपलब्ध कराना रहा।
  इस बुलेटिन में बस इतना ही, अगला बुलेटिन सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर, नमस्कार।

....